एक नजर में

समाजबंधुओं को तिलक लगाकर किया सम्मान

उज्जैन। प्रदेश की धार्मिक राजधानी अवंतिका में राठौर समाज महिला मंडल सचिव निर्मला चौहान, राधा राठौर, कुसुम जोशी के संयोजन में सामूहिक भाई दूज का आयोजन किया गया। सामूहिक भाई दूज कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मदरलैंड पब्लिक स्कूल की संचालिका आरती गोराना, राठौर समाज ट्रस्ट संरक्षक शिवनारायण राठौर, समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, सचिव धर्मेंद्र मगरवा, संजय राठौर, नगर सभा अध्यक्ष छगनलाल राठौर, युवा संगठन संरक्षक संतोष राठौर, युवा अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, निर्मला चौहान, राधा राठौर एवं कुसुम जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि एवं सभी सामाजिक बंधुओं को तिलक लगाकर एवं समाज के वरिष्ठों का सम्मान कर भाई दूज का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर राधेश्याम चौहान, राजा मणि चौहान, बलराम चौहान, ललित चौहान, विष्णु चौहान, दिनेश राठौर, नरेंद्र राठौर, पत्रकार राजेन्द्र परमार, आशीष राठौर, महिला संगठन अध्यक्ष दुर्गा राठौर, अनीता राठौर कांटावाले, सीमा राठौर, किरण राठौर, उषा वर्मा, नीतू राठौर, लता राठौर, मधु राठौर, भावना राठौर, सुशिला चौहान, भावना चौहान, ब्रजबाला गहलोत सहित समाजजन एवं गणमान्यजन उपस्थिति रहे।

साहू समाज का अन्नकूट महोत्सव 28 को

उज्जैन। सकल पंच साहू समाज उज्जैन के अध्यक्ष जगदीशचन्द्र साहू के अनुसार सामाजिक निर्णयानुसार परंपरागत अन्नकूट महोत्सव 28 अक्टूबर मंगलवार को संध्या 7 बजे स्थानीय साहू समाज धर्मशाला, कार्तिक चौक, उज्जैन पर आयोजित किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने समाजजनों से इस महोत्सव में भाग लेकर पुण्यार्जन करने का आग्रह किया है।

जय राठौर अभा कुश्ती निर्णायक बने

उज्जैन। उज्जैन जिला कुश्ती संघ के प्रचार प्रसार मंत्री जय राठौर पहलवान को 23 से 26 अक्टूबर 2025 तक होने वाली अखिल भारतीय विद्या भारती कुश्ती प्रतियोगिता शारदा विहार भोपाल में निर्णायक मालवा प्रांत की ओ से नियुक्त किया गया। राठौर प्रतियोगिता हेतु भोपाल पहुंच चुके है। जिला कुश्ती संघ सचिव सुरेन्द्र यादव के अनुसार राठौर पूर्व में भी कई प्रादेशिक एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रह चुके है। राठौर की नियुक्ति पर मप्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण यादव, ओलंपियन पप्पू यादव, विजय चौधरी, हरिशंकर मेहता, कैलाश धनगर, सत्यनारायण लववंशी, गणेश बाड़ी, महेश राठौर, गणेश सिगनाथ, विजय अवाड़, अशफाक पहलवान, अध्यक्ष उमेशसिंह ठाकुर, एनआईसी कुश्ती कोच अक्षय राठौर पहलवान ने शुभकामनाऐं दी है।

बारोड एवं मामोडिया मलखंब स्पर्धा में अधिकारी नियुक्त

उज्जैन। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय मलखंब पुरुष/महिला प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन तमिलनाडु के महाबलीपुरम में विनायक मिशन फाउंडेशन द्वारा 24 से 27 अक्टूबर में किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में देश भर के 70 से अधिक विश्विद्यालय के 600 से अधिक खिलाडी सहभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता हेतु राहुल बारोड एवं मुन्नालाल मामोडिया को तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी), अंतरास्ट्रीय निर्णायक एवं राहुल बारोड अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं निर्णायक है। इसके साथ ही पूर्व में दोनों निर्णायकों को खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स जैसी बड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भी तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया जा चुका हैं। इनकी इस उपलब्धि पर उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन के .पाटनकर, सोनू गेहलोत, पार्षद बबीता घनश्याम गौड़, डॉ विद्या जोशी, डॉ बी के मेहता, डॉ पी एन तिवारी, नरेंद्र गर्ग, मोहन लाल धाकड़ (विश्वामित्र अवॉर्डी), घनश्याम गौड़, शेखर पाठक, अविनाश ललावत एवं समस्त मल्लखंब प्रेमियों ने हर्ष जताते हुए इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

श्री राजपूत करणी सेना द्वारा मप्र में ईडब्ल्यूएस सवर्ण क्रांति की उज्जैन से शुरुआत

उज्जैन। श्री राजपूत करणी सेना (कालवी विचारधारा) द्वारा सामान्य वर्ग को दिए गए ईडब्ल्यूएस आरक्षण को राजस्थान की तर्ज पर लागू करने को लेकर महाकाल की नगरी उज्जैन से आंदोलन की शुरुआत 26 अक्टूबर को की जा रही है। आगे हर जिले में ईडब्ल्यूएस सवर्ण क्रांति के नाम से आंदोलन किये जाएंगे। जिसमे ईडब्ल्यूएस में सरलीकरण व आरक्षित सीट पर केवल सामान्य वर्ग को हक़ मिले व विभिन्न मांगे रखी जाएगी। करणी सेना द्वारा दशहरा मैदान से पैदल शांति मार्च रैली के रूप में शहीद पार्क पहुचेगी जहा ज्ञापन और सभा की जाएगी। इसमें सामान्य वर्ग ब्राह्मण संगठन राजपूत संगठन शामिल हो रहे हैं। रैली में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह राघव, प्रदेश प्रभारी ठा जसवंतसिंह रुणजी शामिल होंगे। जानकारी जिला अध्यक्ष अंतर सिंह गेहलोत ने दी।

चौंकाने वाला खुलासा-आरटीआई के जाल में उलझी जिम्मेदारों की शर्मनाक लापरवाही

- **फिल्टर प्लांट के खुले पानी के चैम्बर के उपर बनी रैलिंग के नीचे कबूतर ने दिए अंडे अब बच्चे और मल की गंदगी के मिले ढेर**

नागदा। शहर में गत दिनों मटमैला पानी सप्लाय का मामला अभी सुर्खियों में चल ही रहा था कि सूचना अधिकार की पकड़ में जिम्मेदारों की एक शर्मसार लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर की हजारों जनता को जो पानी पिलाया जा रहा उसमें कबूतर के अंडे और मल (बीट)मिले होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। चंबल तट स्थित नपा की जल आवर्धन योजना के तहत 22 करोड़ की लागत से बनी योजना के फिल्टर प्लांट के रख रखाब के प्रति हमारे जिम्मेदार कितने सजग उसकी पोल तो सामने आई लेकिन फिल्टर प्लांट के पानी से भरे चैबर के उपर बनी रैलिंग के नीचे कबूतरों ने अंडे दिए और अब बच्चे बन गए जो अभी भी विद्यमान है। वह इसी स्थान पर कबूतर की बीट की गंदगी के ढेर मिले है।

मजेदार बात यह है कि जहां कबूतरों ने अंडे दिए उसके ठीक नीचे शहर में जलापूर्ति होने वाला पानी भरा है। यह प्रमाणिक खुलासा आरटीआई एक्टिविस्ट कैलाश सनोलिया के एक सूचना अधिकार में सामने आया है। नपा के सक्षम अधिकारियों की उपस्थिति में उस स्थान के अधिकृत फोटों ओर वीडियो फुटेज प्राप्त हुए है। इन प्रमाणों को शुक्रवार को सनोलिया ने एक प्रेसवार्ता में उजागर किया। इस मौके पर उन्होने पत्रकारों को बताया एक और जहा हम सनातन संस्कृति की बात करते और जिस पानी का उपयोग पूजा पाठ, खाना बनाने, नहाने औरे पेयजल में करते है उस पानी के अंदर कबूतर की बीट, अंडे और कबूतर के शव जैसे शर्मनाक अंश के मिलावट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिस स्थान पर कबूतर के चूजे और बीट मिले है। उसके ठीक नीच फिल्टर लांट का पानी भरा है। गंदगी के ढेर एक दम स्पष्ट ऐसे दिखाई दे रहें है जहां पर बिल्कुल भी स्पेच नहीं नहीं है। थोड़ी से हवा या कबूतर के पंखों की आहट से इनके अंश जो फिल्टर प्लांट सिस्टम का पानी नीचे भरा उसके अंदर टपकने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। यह सब कुछ सूचना अधिकार की एक विशेष धारा में फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के उपरांत मांगे गए चित्र और वीडियों फुटेज के प्रमाण अधिकृत रूप से सामने आए हैं।

सुबह गौ माता एवं संध्या में ठाकुरजी को समर्पित होंगे 56 नैवेद्य

उज्जैन। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा 26 अक्टूबर रविवार को समाज की गौरवशाली सामाजिक परपंरा अनुरूप अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत सुबह श्री तिलकेश्वर गौशाला में गौ माता को 56 नैवेद्य समर्पित किए जाएंगे एवं शाम 6 बजे बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन में विराजमान श्री राधाकृष्ण को 56 नैवेद्य समर्पित किए जाएंगे।

संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया ने सभी खंडेलवाल समाजजन से अन्नकूट में सपरिवार उपस्थित रहने का अनुरोध करते हुए व्यवस्था बैठक में बताया कि इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी निकेश खण्डेलवाल, इंदौर शामिल रहेंगे। समाज के कई परिवार ठाकुरजी के नैवेद्य सेवा के लाभार्थी बन सके इसलिए संयोजक मंडल बनाया गया। जिसके अंतर्गत श्री ओंकारलाल पारमार्थिक न्यास सांवेर, सविता गुप्ता सचिव रत्नप्रकाश सेवा फाउंडेशन, एन एल गुप्ता, कृष्णादेवी मोहनलाल बिमवाल, अंगूरबाई देवीलाल मेठी, लीलादेवी ओमप्रकाश बेवाल, स्व. रामकिशनजी एवं धापूबाई स्मृति में रामेश्वर बढ़ाया एवं राजेंद्र मांगीलाल खारवाल इस वर्ष पुण्य लाभार्थी रहेंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघीनिया, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल, कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित प्रवीण खण्डेलवाल, सुशील सामरिया, ओमप्रकाश माचीवाल, प्रकाश गुप्ता, सत्यनारायण नाटाणी, संजय मेहरवाल, मयंक मामोडिया, राजेंद्र मामोडिया, श्याम झालानी, आनंद बडेरा, राजीव झालानी, सरोज झालानी, रूपेश बूसर, आशीष मेठी सहित कई समाजजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सहसचिव मनीष खंडेलवाल ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता ने प्रदान की।

26 अक्टूबर से आरम्भ होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्रीमद् भागवत कथा

उज्जैन। कुमावत समाज के लिये अत्यन्त गौरव एवं हर्ष का विषय है कि जयसिंहपुरा के पावन सानिध्य एवं ईश्वरीय कृपा से प्रथम बार भगवान श्री चारभुजानाथजी, श्री राधाकृष्णजी एवं श्री लक्ष्मी विष्णुजी की भव्य व अलौकिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत गीता कथा ज्ञान यज्ञ अमृतोत्सव का दिव्य भक्ति, अलौकिक आनंद और धार्मिक उत्साह के साथ सनातन धर्म को जाग्रत बनाये रखने के लिये किया जा रहा है। यह केवल एक आयोजन ही नहीं है बल्कि सनातन संस्कृति के दिव्य वैभव का उत्सव है जहां हरिनाम संकीर्तन, कथा श्रवण और आध्यात्मिक ऊर्जा हर हृदय को पवित्र करेगी। जहां श्रद्धा, भक्ति, संकीर्तन और भारतीय संस्कृति का संगम हिन्दू समाज को नई दिशा और प्रेरणादायक होगा।

इस दिव्य आयोजन का पुण्यलाभ बाबूलाल उर्मिला घोड़ेला (कुमावत) ग्राम अरेंडिया बायपास इंदौर को प्राप्त हुआ है। इनके द्वारा मंदिर गर्भगृह, शिखर, संभामंडप पूरा मंदिर मार्बल से निर्माण करवाकर उस मंदिर में पंच परमेश्वर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस पुनीत कार्य के आरंभ में 26 अक्टूबर को हजारों की संख्या में समाजजन मातृ शक्ति सम्मिलित होकर कलश यात्रा सुबह 9 बजे निकालेंगे। उसी दिन दोपहर 12 से 3 बजे तक मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा, कथा व्यास साध्वी मुरलीका दीदी दादूराम आश्रम उज्जैन के मुखारबिन्द मधुरवाणी से सुनाई जावेगी जिसका समापन 1 नवंबर को होगा। भगवान श्री चारभुजाजी, राधाकृष्णजी, श्री लक्ष्मी विष्णुजी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यकम 28 अक्टूबर से आरंभ होकर 1 नवंबर देवउठनी ग्यारस को पूर्णाहुति होगी। प्राण प्रतिष्ठा आचार्य पूरण जोशी तथा यज्ञाचार्य पं. प्रवीण जोशी (उज्जैन) के द्वारा विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा किया जावेगा। 2 नंवबर को महाप्रसादी, स्वागत समारोह एवं विशाल सार्वजनिक भंडारा 11 बजे से 3 बजे तक धर्मशाला परिसर में होगा। इस पुनीत कार्यकम में होने वाला समस्त खर्चा बाबूलाल घोड़ेला पुत्र मनोज घोड़ेला (कुमावत) के द्वारा वहन कर पुण्य लाभ लेंगे। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से बाबूलाल घोड़ेला, दानदाता गणेश डूंगरवाल अरेंडिया, सत्यनारायण बोरा जयसिंहपुरा के साथ अन्य धर्मशाला निर्माण में सहयोगी लगभग 150 दानदाताओं का सम्मान श्री चारभुजा, श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज पंच कार्यसमिति जयसिंहपुरा के द्वारा किया जावेगा। यह जानकारी बसंत कुमार दौराया जिलाध्यक्ष कुमावत समाज ने दी।

नव नियुक्त अध्यक्ष मोहम्मद मजहर का अभिनंदन किया

उज्जैन। बड़ी सब्जी मंडी स्थित कम्युनिटी हाल में कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा पांचवीं से आठवी के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई जिसमें 140 छात्र छात्राओं ने भाग लेकर चित्र बनाए। कार्यक्रम के दौरान कलाम सर्व धर्म वेलफेयर सोसायटी ने राइन समाज के नव नियुक्त अध्यक्ष मोहम्मद मजहर राइन साहब का सोसायटी की तरफ से मुख्य अतिथि के रुप मे सम्मान किया गया। संचालन इरफ़ान राइन नें किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग और बच्चों उपस्थित थे।

एक नजर दौलतगंज होलसेल किराना एसोसिएशन का दीपावली मिलन सम्मान समारोह

दौलतगंज होलसेल किराना में हुए मुहूर्त के सौदे

उज्जैन। 24 अक्टूबर को दौलतगंज होलसेल किराना एसोसिएशन का दीपावली मिलन सम्मान समारोह आयोजित किया साथ ही मोहरत के सौदे हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अनिल जैन विधायक उज्जैन उत्तर, विशेष अतिथि के रुप में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी अशोक छाबड़िया (फर्म मंगुमल वस्सुमल) एवं मुन्नालाल बंसल (फर्म प्रांजल ट्रेडर्स) का अतिथियों के हस्ते शाल, श्रीफल व प्रशस्त्री पत्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय रोहरा ने की। अध्यक्ष अजय रोहरा ने स्वागत भाषण एवं अध्यक्षीय उद्बोधन में सबका स्वागत किया और सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि अनिल जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा की व्यापारी, दलाल और श्रमिक तीनों के सामंजस्य से व्यापार संम्पन्न होता है। प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी 2.0 लागू करने के कारण व्यापार में लागत कम हुई है। उपभोक्ताओं को सस्ते दरों पर चीजें उपलब्ध हुई है। साथ ही उज्जैन के विकास के लिए इन्दौर गेट से निकास चौराहे तक एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है। साथ ही नए व्यापारी क्षेत्र के लिए अपने विचार रखें। इस अवसर पर विशेष अतिथि संजय अग्रवाल ने स्वदेशी के माध्यम से इस बार दिपावली विशेष उपलब्धियों से भरी रही है। इस वर्ष स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री 25 से 30 प्रतिशत बढी है यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकल से वोकल के प्रोत्साहन से संभव

हुआ है। संस्था अध्यक्ष अजय रोहरा ने कहा कि जीएसटी का प्रतिमाह कर संग्रहण बढ़ रहा है यह हमारे देश की प्रगति और उन्नति का प्रतीक है। ये सब हम व्यापारीजगत के सहयोग से ही संभव हो पाया है। आभार प्रदर्शन संस्था के नवीन कांकरिया ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी दीपक मेड़तवाल, जयप्रकाश राठी, अशोक जैन, राधारमण नागर, विद्याभूषण जैन, चन्द्रप्रकाश गादिया, सुरेश सनमुखानी, अर्जुन भीमवानी, मुकेश सोनगरा, अभिषेक सोनगरा, अभय जैन, रमेश परवाल, शैलेन्द्र परमार, सनु रवि नाटानी, चेतन गुरुनानी, सूरज सामधानी, गौरव गर्ग, राजेन्द्र गर्ग, दिलीप बाकलीवाल, रौनक अग्रवाल, लोकेन्द गंगवाल, गगन जैन, शरद जैन, घनश्याम रामलानी, सुनिल जैन, घनश्याम रोहरा, सुरेन्द्र अग्रवाल, शंकर उत्तमानी, रमेश चोपड़ा, सुनिल लोढ़ा, मुरली भीमवानी, पवन बिंदल, पवन सिंहल, अनुज लोढ़ा, अशोक खंडेलवाल, सुनिल अग्रवाल इत्यादी उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संचालक एवं सचिव श्री अशीष जैन ने दी।

मोहरत के सौदे के भाव- शकर कट्टा 2111 से 2131, तेल 134-135, चना दाल मीडियम 7100 से 7400, चनादाल बोल्ड 8100 से 8500, तुवर दाल 100 - 108, मूंग दाल 87 से 95, मूंग मोगर 98 से 100, गुड कटोरा 49, तेल टिन 1950 से 205, बेसन कट्टा (30 किग्रा 2350, वनस्पती घी 2100 2280 (15 लीटर), नारियल 6400 6800, पोहा 40 से 43 आदि।